... साहित्य में सत्य का उद्घाटन प्रेमचन्द ने किया है। ... ने सत्य को पहने की कोशिश की है। मनुष्य के ... को सही परिप्रेक्ष्य में रेखांकित किया है। उसके ... के दुःख-दर्द, आशा-निराशा, भाव-अभाव, रीति-नीति, ... का समग्र विश्लेषण किया है। समाज के भीतर ... समस्याओं पर प्रकाश डाला है। समाज के लोगों को ... कथा कहना ही उनका मूल सरोकार था। वे मानवीय ... के प्रति समर्पित रहे हैं। अपनी सामाजिक भूमिका ... पहचानते हैं। वह कला के लिए, साहित्य के लिए ... का बीज लोक जीवन से ही ग्रहण करते हैं। इसमें लोक कल्याण की भावना प्रमुख है।

प्रेमचन्द ने मन जीवन का चित्र खींचा है। उनके साहित्य में मनुष्य के विविध रूपों पर प्रकाश डाला गया है। "वे साहित्यकार को समाज का झंडा लेकर चलने वाला सिपाही मानते हैं और सुखी जिन्दगी के साथ ऊंची निगाह को उसके जीवन का लक्ष्य मानते हैं।"[2]

प्रेमचन्द यथार्थ जीवन की तस्वीर पेश करते हैं। शिवरानी देवी ने लिखा है, "लेखकीय सर्जना की पृष्ठभूमि यथार्थ जीवन के सत्य का साक्षात्कार होता है।"[3] प्रेमचन्द का कथा साहित्य का व्यापक फलक है। वह समाज का यथार्थ है। मुक्तिबोध ने लिखा है, "प्रेमचन्द का कथा साहित्य अपने आप को समाजोन्मुख बनाता है और आत्मोन्मुख भी। जब वह समाजोन्मुख बनाता है तब अपने समय और समाज की सत्यता की समीक्षा करने के लिए प्रेरित करता है और जब आत्मोन्मुख बनाता है तो आत्म-विश्लेषण और आत्मालोचन की भावना पैदा करता है।"[4]

प्रेमचन्द के केन्द्र में स्त्री-पुरुष दोनों ही पात्र हैं। दोनों के सहयोग के बिना समाज का पहिया रुक जाएगा, समाज को प्रगति के पथ पर तभी ले जाया जा सकता है जब दोनों सहयोग करते हों। दोनों की बराबरी की भागीदारी हो। वे उनके भीतर के चित्त की बात करते हैं। उनकी भाषा में कहते हैं। नये-नये दृष्टिकोण से करते हैं। उनके विवेचना का फलक विस्तृत है। वे एक ऐसा समाज चाहते हैं जहां समता हो, न्याय हो, जीवन हो, मानवता हो, करुणा हो, दया हो। वे सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास करते हैं। प्रेमचन्द स्त्री के सभी रूपों को चित्रित करते हैं। वे मध्यवर्गीय स्त्री के स्वरूप को उभारकर रख दिया है।

202

उनके यहां स्त्री, मां, बेटी, पत्नी, सधवा और विधवा रूपों में चित्रित है। समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है। कई जगह वे मुखर है तो कई जगह मुखर नहीं है। परन्तु वे सतत संघर्षशील है। इन्हीं बिन्दुओं को ध्यान में रखकर जीवन पर प्रकाश डाला गया है।

स्त्री चाहे किसी भी वर्ग की क्यों न हो, उनकी समस्याएं एक ही है। चाहे सवर्ण हो, चाहे दलित। दोनों के जीवन गाथा को प्रेमचन्द ने हमारे सामने खोलकर रख दिया है। वे समाज सापेक्ष है।

प्रेमचन्द के संपूर्ण लेखन में उनका वैचारिक क्रम स्पष्ट है। "वे विभिन्न समाज सुधार आन्दोलनों, आर्य समाज आन्दोलन, फिर गांधीवादी दर्शन के प्रभाव से होते हुए मार्क्सवादी चेतना के करीब पहुंचते है। जो उनकी दलित और शोषित जनता के प्रति गहन प्रतिबद्धता का प्रमाण है।"[5]

प्रेमचन्द के समक्ष स्त्री की पराधीनता मुख्य समस्या है। वे स्त्रियों को सजग और सफल बनाकर प्रगति के मार्ग पर ले जाना चाहते है। किसी भी समाज के समेकित विकास में स्त्रियों की महती भूमिका होती है। वे स्त्री की स्वाधीनता के पक्षधर हैं। वे स्त्री की स्वाधीनता को भारतीय समाज की स्वाधीनता से जोड़ते हैं। वे सामान्य मानवीय धरातल पर पात्रों का मनोविश्लेषण करते है। उनके हृदय के उद्भावों का चित्रण करते हैं। वे ग्रामीण और शहरी दोनों स्त्रियों की कथा कहते हैं। ग्रामीण परिवेश में स्त्री की आशा-निराशा, जीवन संघर्ष, पीड़ा, विवशता और उनकी तड़पन को सामान्य धरातल पर चित्रित करते हैं। वे अपनी भाषा में, अपने पात्रों का अपनी शर्तों पर स्वाधीन बनाना चाहते हैं। वे चेतना के द्वार को खोल देना चाहते हैं ताकि समाज का कल्याण हो सके। उनके संपूर्ण उपन्यासों में नारी की स्थिति प्रतिबिम्बित है। ये सभी स्त्रियां मध्यवर्गीय स्त्रियां हैं। जीवन के लिए संघर्षशील हैं। वे यातना सहती हैं पर मूल्यों से नहीं हटती।

समाज में उनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। वे कितने सजग, कितने प्राणवान है, कितने जीवंत है, कितने राष्ट्रवादी हैं। इस सबका प्रमाण उनके कथा साहित्य में मिल जाता है। उनके स्त्री पात्रों में जिजीविषा है। वे जीना चाहती है। हर हालात से निपटने के लिए तत्पर रहती है। वे निरन्तर गतिशील हैं। वे पीछे हटना नहीं जानती। वे रास्ते नहीं बदलते हैं। वह सीधी-सरल सपाट मार्ग पर कभी चलता है तो कभी टेढ़े मार्गों से भी चलने से नहीं परहेज करते। निरन्तर चलते जाना ही उनका ध्येय है। प्रेमचन्द अपने पात्रों के मन की गुत्थी को खोलते है, "स्त्री का स्त्री होने के कारण पुरुष के हाथों जो शोषण होता है, जो लेखन में चित्रित होने पर स्त्री विमर्श कहलाता है, इसी समकाल की देन है। उसका चित्रण प्रेमचन्द के लेखन में सशक्त रूप से हो चुका है।"[6]

स्त्री सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भूमिकाओं पर प्रकाश डालने की कोशिश है। उन्हें तो नजरअन्दाज किया जाता है। वे इसके खिलाफत करते हैं। राजनीति हो, समाजशास्त्र हो, विज्ञान हो, या कला हो, सभी जगहों पर स्त्री को मौलिक रूप से सम्मानित किया जाये। स्त्री को स्त्री होने की दोहरी सजा मिलती है। वह हर बार संघर्ष के धरातल पर उतरती है। व ऐलान करती है कि हमें रोकना चाहते हो तो रोक लो। हम अपनी मंजिल को प्राप्त करके ही दम लेंगे।

समाज ने जनवादी मूल्यों को भी प्रेमचन्द की दृष्टि है। वे समाज को ऐसा रूप देना चाहते हैं जहां कोई भेदभाव न हो। समानता पर आधारित हो। 1931 में प्रकाशित 'गबन' मध्यवर्गीय स्त्री की आकांक्षा और संघर्ष का जीवंत दस्तावेज है। नारी की पीड़ा, नारी का जीवन-चक्र और नारी के अदम्य साहस को मुखरित करना ही लेखक का उद्देश्य है। 'गबन' की नायिका जालपा है। वह मध्यवर्गीय स्त्री का प्रतिनिधित्व करती है। 'गबन' के संदर्भ 'कलम के सिपाही' में श्री अमृतराय लिखते हैं, "उपन्यास जिस रंग में शुरू हुआ था, शायद उस रंग में खत्म हो जाता लेकिन हो नहीं सका। उन्हीं दिनों मेरठ षड्यंत्र केस चल पड़ा। 'गबन' का उत्तरार्द्ध पूरे का पूरा क्रान्तिकारियों के खिलाफ पुलिस के झूठे केस की दास्तान है।"[7]

मध्यवर्ग की आकांक्षा को चित्रित करते हुए प्रेमचन्द ने एक ऐसी स्त्री को लाकर खड़ा किया है जिसको बचपन से गहनों के प्रति लालसा की सीख दी गई है। उसे बचपन में ही दादी ने गहनों के प्रति सीख दी थी जिसके कारण उसकी आकांक्षा बन गई थी। स्त्री की आकांक्षा ही उसका आधार है। इसमें नारी के आभूषण प्रेम को दिखाया गया है। प्रेमचन्द सरल जीवन जीने की प्रेरणा देते है। लेखक के शब्दों में, "आभूषण प्रेम की कथा के कारण होने वाला आर्थिक, नैतिक, दैहिक, आत्मिक और धार्मिक पतन अकल्पनीय है।"[8] इसमें प्रेमचन्द ने स्त्री को गहनों के प्रति

Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

chandra shekhar Ram

बढ़ रही लालसा को उजागर किया है। "जालपा को गहनों से जितना प्रेम था उतना कदाचित संसार की और किसी वस्तु से न था और उसमें आश्चर्य की कौन-सी बात थी। जब वह तीन वर्ष की अबोध बालिका थी उस वक्त उसके लिए सोने के चूड़े बनवाये गये थे। दादी जब उसे गोद में खिलाने लगती, तो गहनों की चर्चा करती।... तेरा दुल्हा तेरे लिए बड़े सुन्दर गहने लायेगा। दुमक-दुमक कर चलेगी।"[9]

प्रारंभ में कथा के केन्द्र में आभूषण प्रेम है। उसके पीछे छिपे भावों को दिखाया गया है। इसमें सुखी हरियाली एवं सम्पूर्ण सौहार्दपूर्ण स्थितियों को सामने लाया गया है। लोकजीवन का सटीक रूप यहां है। इसके बाद बाजार का प्रवेश होता है। जालपा रतन के साथ बाजार जाती है। तांगे पर पैसे खर्च करती है। रामेश्वरी जब कहती है तो जालपा जवाब देती है, "मैं उन बहू-बेटियों में नहीं हूं। मेरा जिस वक्त जी चाहेगा जाऊंगी, जिस वक्त जी चाहेगा आऊंगी। मुझे किसी का डर नहीं है। जब यहां कोई मेरी बात नहीं पूछता, तो मैं किसी को अपना नहीं समझती। सारे दिन अनाथों की तरह पड़ी रहती हूं। कोई झांकता तक नहीं। मैं चिड़िया नहीं हूं, जिसका पिंजरा दाना-पानी रखकर बंद कर दिया जाये। मैं भी आदमी हूं।"[10]

यह स्त्री की स्वतंत्रता की पुकार है। वह भी समान जीवन जीना चाहती है। सबके साथ रहना चाहती है। वह अकेली नहीं रहना चाहती। जालपा के वाक्य, उसके साहस, उसकी भावना और उसकी अस्मिता को मुखरित करता है। जालपा का विवाह रमानाथ के साथ होता है। रमानाथ चुंगी में क्लर्क की नौकरी करता है। वह हर वक्त दिखावा करता है जिससे जालपा को ऐसा लगता है कि उसके पति के पास बहुत पैसा है। वह अपने आभूषण की लालसा को पूर्ण करना चाहती है। वह चंद्रहार खरीदना चाहती है। रमानाथ गबन करके रुपये लाता है। वही रुपये जाकर जालपा सराफ़ को दे देती है। जालपा को सत्य का आभास नहीं हो पाता है। पति कभी भी उसे अपनी स्थिति नहीं बताता। इसलिये जालपा रतन के साथ निरंतर बाजार जाती रहती है। फिजूलखर्ची करती है। जब सत्य का पता चलता है तो उसके भीतर का भाव जागृत हो उठता है। वह अपने पति को फटकारते हुए कहती है, "जब तुम्हारी आदमनी इतनी कम थी तो गहने लिये ही क्यों? मैंने तो कभी जिद्द नहीं की थी? और मान लो, मैं दो-चार बार कहती थी, तो तुम्हें समझबूझ कर काम करना चाहिए था। — आदमी सारी दुनिया से परदा रखता है लेकिन अपनी स्त्री से परदा नहीं रखता। तुम मुझसे परदा रखते हो। अगर मैं जानती कि तुम्हारी आमदनी इतनी थोड़ी है तो मुझे क्या ऐसा शौक चर्राया था कि मुहल्ले भर की स्त्रियों को तांगे पर बैठा-बैठा कर सैर कराने ले जाती।"[11]

रमानाथ गबन में पकड़े जाते हैं। वह भागकर कलकत्ता चला जाता है। वहां देवीदीन के यहां शरण पाता है। रमानाथ कलकत्ता जाकर भी मानसिक अशांति में रहता है। वह हर वक्त पुलिस से डरता है। एक दिन वह सरकारी गवाह बन जाता है। वह मुक्ति संघर्ष के बंदियों के खिलाफ झूठी गवाही देता है। यहां रमानाथ के चरित्र के उस पक्ष को उजागर किया है जो स्वार्थवश झूठी गवाही देता है। अपने को बचाने के लिए दूसरे को फंसा देता है। उससे उसकी मानसिक दुर्बलता का पता चलता है।

रमानाथ के जाने के बाद जालपा का जीवन संघर्षमय हो जाता है। वह मेहनत करती है। वह मेहनत करके रुपये चुकाती है। वह पति को भी खोजने कलकत्ता पहुंच जाती है। वह एक ऐसी मध्यवर्गीय स्त्री है जो समय पड़ने पर हर स्थिति का मुकाबला करती है। वह कलकत्ता पहुंचकर रमानाथ को फटकारती है। जिससे रमानाथ जज के सामने सच बात कह देता है। सभी क्रांतिकारी रिहा हो जाते हैं। अन्त में जो जालपा के हृदय में, आत्मबल में और जो आदर्शों में परिवर्तन आया है वह राष्ट्रभक्त बनती नजर आती है। 'गबन' में प्रसिद्ध देशभक्त देवीदीन है। वह एक नेता से कहता है, "साहब सच बताओ, जब तुम सुराज का नाम लेते हो तो उसका कौन सा रूप तुम्हारी आंखों के सामने आता है। तुम भी बड़ी-बड़ी तलब लोगे, तुम भी अंग्रेजों की तरह बंगलों में रहोगे, पहाड़ों की हवा खाओगे, अंग्रेजी ठाठ बनाये घूमोगे, इस सुराज से देश का कल्याण होगा? तुम्हारी और तुम्हारे भाई-बंदों की जिंदगी भले आराम और ठाठ से गुजरे पर देश का कोई भला नहीं होगा।"[12]

प्रेमचन्द की दृष्टि राष्ट्र के भीतर घटित हो रहे सभी प्रक्रमों पर थी। वह स्त्री की आकांक्षा को चित्रित करते हुए अपनी राष्ट्रभक्ति को नहीं छिपाते हैं। वे जन-जन के प्रिय थे। जनता के साथ होकर, जनता की भाषा में, जनता की मुक्ति की गाथा लिख रहे थे। स्त्री की स्वतंत्रता की कहानी लिख रहे थे। उन्हें सशक्त बना रहे थे। उन्हें सशक्त बनाकर ही राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल करा देते हैं। वह

204

अपने दम पर सभी संकटों से मुक्त होती है। रमानाथ को मुक्त करती है। दिनेश की मुक्ति में भी उसका महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रेमचन्द गरीबों के साथ, स्त्रियों के साथ डटकर खड़े रहते हैं। अंग्रेजों और उनके दलालों के खिलाफ निरन्तर संघर्षशील हैं। अपनी कलम से उनके चरित्र के एक-एक पक्ष को उजागर करते हैं। गरीबों के जीवन पर प्रकाश डालते हैं। उनके शब्दों में, "गरीबों को लूटकर विलायत का घर भरना। इस एक टुकड़े में प्रेमचन्द ने अपने जमाने और आज के हिन्दुस्तान को बयां कर दी है।"[12]

जालपा को मध्यवर्गीय स्त्री का उत्कृष्ट रूप दिखाकर उसे नई ऊंचाई पर पहुंचा देते हैं। वह हर संकट को स्वयं झेलती है। वे अपना निर्णय स्वयं करते हैं। यह स्त्री का विकास पक्ष है। वे दिखा रहे हैं कि हिन्दुस्तान की स्त्रियां किसी से कमतर नहीं हैं। वे सबल हैं, संघर्षशील हैं, निर्णायक हैं। जीवन संघर्ष में अपनी नाव को अकेले खेने में सक्षम हैं। प्रेमचन्द जिन पात्रों का निर्माण किया है, उन सभी को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ दिया है। उनकी भूमिका को रेखांकित किया है। देशकाल की परिस्थितियों के अनुरूप प्रेमचन्द पात्रों को निर्मित करते हैं। उन्हें आगे बढ़ाते हैं। उन्हें जिम्मेदारी देकर सहभागी बना देते हैं। यह प्रेमचन्द की रचना कर्म का वैशिष्ट्य है। वह पात्रों के भीतर प्रेम को बनाकर रखते हैं। कहीं भी इन्हें टूटने नहीं देते।

जालपा भारतीय नारी है। वह चेतना से युक्त है। उसमें हर परिस्थितियों से मुकाबला करने की क्षमता है। वह हार स्वीकार नहीं करती है। वह संघर्ष का रास्ता अपनाती है। अपना सब कुछ दांव पर लगाकर राष्ट्र के लिये समर्पित होती है। यहां स्त्री के अदम्य साहस और जिजीविषा को दर्शाया गया है। प्रेमचन्द मध्यवर्ग की सबलताओं से एवं दुर्बलताओं से पूरी तरह परिचित हैं। वे जालपा को ही नहीं रमानाथ को भी जीवन बचा देते हैं। वे पात्रों को उच्च धरातल पर ले जाते हैं। जालपा के व्यक्तित्व को पूरी तरह रूपान्तरित कर देते हैं। उसके व्यक्तित्व का नया पक्ष उभरकर सामने आता है। वह जीवन संग्राम की सफल योद्धा है। वह अपने संकटपूर्ण दिनों की व्यथा किसी से नहीं कहती है। वह पति को भी सावधान करती है। उसके चरित्र को भी बदलने में सक्षम है। उसका मार्ग त्याग का मार्ग है। वह चुनौतियों का मुकाबला करती है और भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। उसकी दशा कहीं भी दयनीय नहीं है। उसकी जीवन की गति से ही उपन्यास में गति आ गई है।

जालपा देशभक्त स्त्री है। देश की सेवा करने का भाव उसमें विद्यमान है। देश के खिलाफ काम करने वालों के लिए उसके मन में घृणा का भाव है। वह उनसे टकराती है। रमानाथ जब मुखबिरी करता है उस समय जालपा का स्वाभिमान जाग जाता है। वह फूट पड़ती है। वह सही मार्ग पर रहती है तब कहती है, "तुम्हारा धन और वैभव तुम्हें मुबारक हो। जालपा उसे पैरों से ठुकराती है। तुम्हारे खून से रंगे हाथों के स्पर्श से मेरी देह में छाले पड़ जायेंगे।"[13]

जालपा मध्यवर्गीय स्त्री का वह रूप है जो समय-समय पर अदम्य साहस और जिजीविषा का परिचय देती है। वह पति को सही मार्ग पर ले आती है। देशभक्त लोगों को मुक्ति दिलाती है। यह मध्यवर्गीय स्त्री के संघर्ष का परिणाम है। इस प्रकार गबन के केन्द्र में मध्यवर्गीय स्त्री की आकांक्षा है, जो अन्ततः राष्ट्रभक्ति की ओर जाती है। यह स्त्री के बढ़ते कदम का प्रमाण है।

*श्री वेंकटेश्वर कॉलेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
**महाराजा अग्रसेन कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

सन्दर्भ सूची

1. फिशर, लुई, द लाइट ऑफ महात्मा गांधी, पृ. 223
2. प्रेमचन्द, साहित्य का प्रयोजन, पृ. 18
3. देवी, शिवरानी, प्रेमचन्द : घर में, पृ. 141
4. अरविंदाक्षन, ए., प्रेमचन्द के आयाम, पृ. 36
5. सिंह, डॉ. कुंवरपाल, उत्तरार्द्ध-13, पृ. 11
6. अरविंदाक्षन, ए., प्रेमचन्द के आयाम, पृ. 238
7. प्रेमचन्द, गबन, परमानन्द श्रीवास्तव, भूमिका, पृ. 1
8. प्रेमचन्द, गबन, पृ. 66
9. वही, पृ. 45
10. वही, पृ. 48
11. वही, पृ. 141
12. शर्मा, डॉ. रामविलास, प्रेमचन्द और उनका युग, पृ. 66
13. वही, पृ. 66
14. वही, पृ. 65

chandrashekhar Ram

UGC Approved Journal No. 49321 Impact Factor : 2.591 ISSN : 0976-6650

Shodh Drishti

An International Peer Reviewed Refereed Research Journal

Vol. 9, No. 8 Year - 9 April, 2018

Editor in Chief
Prof. Abhijeet Singh

Editor
Prof. Vashistha Anoop
Department of Hindi
Banaras Hindu University
Varanasi

Dr. K.V. Ramana Murthy
Associate Professor of Commerce
and Vice Principal
Vijayanagar College of Commerce
Hyderabad

Published by
SRIJAN SAMITI PUBLICATION
Varanasi

211

Impact Factor : [illegible]
ISSN [illegible]

➢	अंतर्राष्ट्रीय और ... [illegible] विकास [illegible] सुमन [illegible]	129-130
➢	[illegible] में [illegible] की भूमिका [illegible] हिंदी [illegible] संतोष कुमार	131-134
➢	[illegible] की [illegible] : [illegible] एवं [illegible] डॉ० पूनम [illegible]	135-141
➢	[illegible] का [illegible] स्वरूप प्रो. (डॉ.) अमर ज्योति सिंह, प्रो. (डॉ.) अमर बहादुर सिंह, डॉ. अमर नाथ सिंह	142-144
➢	[illegible] कौशल कुमार मिश्र	145-149
➢	भारत में जनजातियों की समस्याएं और उनके समाधान के प्रयास ([illegible] के विशेष सन्दर्भ में) अन्नपूर्णा झा	150-154
➢	भारतीय साहित्य और दलित स्त्री अस्मिता डॉ० बिन्दु चतुर्वेदी एवं [illegible] सुमित्रा चौहान	155-159
➢	इक्कीसवीं सदी के प्रमुख हिन्दी उपन्यासों में चित्रित आर्थिक समस्याएँ डॉ० अनिल कुमार	160-162
➢	वेदों में पर्यावरण संरक्षण : आधुनिक उपयोग धर्मेन्द्र चौबे	163-165
➢	वेदों का दर्शन मुकेश मिश्र	166-168
➢	मानस की प्रतीकात्मक व्याख्या और [illegible] डॉ० [illegible] सिंह	169-172
➢	भारतीय समाज में धार्मिक [illegible] की [illegible] में [illegible] भारतीय युवा आकाश कुमार सिंह	173-177
➢	वेदों का महत्व डॉ० बिन्दु	178-180
➢	[illegible] कृत उपन्यास 'छिन्नमस्ता' का समीक्षात्मक अनुशीलन आलोक कुमार	181-184
➢	जैनेन्द्र के उपन्यास 'त्यागपत्र' में पारिवारिक जीवन और नारी का द्वंद्व डॉ० चन्द्रशेखर राम	185-188 ✓
➢	[illegible] शर्मा कृत उपन्यास '[illegible]' में स्त्री जीवन : एक दृष्टि डॉ० [illegible] चौधरी	189-192
➢	"[illegible]" : पर्यावरण संरक्षण के [illegible] में डॉ० निधि सिद्धार्थ	193-196
➢	कानपुर महानगर की [illegible] का सामाजिक-आर्थिक अध्ययन डॉ० [illegible] शुक्ल	197-201

Chandra Shekhar Ram

214

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 9, No. 8, April, 2018
Impact Factor : 2.591
ISSN : 0976-6650

जैनेन्द्र के उपन्यास 'त्यागपत्र' में पारिवारिक जीवन और नारी का द्वंद्व

डॉ० चन्द्रशेखर राम
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

जब एक ही समय में व्यक्ति के अन्तर्मन में एक साथ दो विरोधी इच्छाएँ उत्पन्न होती हैं (जिनकी पूर्ति सम्भव न हो) तो तनाव और मानसिक विचलन की स्थिति होती है। यही द्वन्द्व है। यह द्वन्द्व जैनेन्द्र के उपन्यासों में कुछ ज्यादा ही उभर कर आया है, क्योंकि वे समाज और पात्रों के बीच ऐसी परिस्थितियों का जाल बिछा देते हैं, जिसमें पात्र कहीं न कहीं अवश्य उलझ जाता है। फिर भी इनके नारी पात्र इस द्वन्द्व के सर्वाधिक शिकार दिखाई पड़ती हैं। कारण कि इनके नारी चरित्रों में अहंवादिता विशेष रूप से विद्यमान है। परिणाम–स्वरूप वह आन्तरिक अभावों की तुष्टि के लिए सहज नारी भूमिका से पृथक होते हुए भी एक अलग रास्ता तय करती है। उसकी यह अहं और स्वच्छन्द प्रवृत्ति ही उसे वैवाहिक बन्धन तोड़ने के लिए उकसाती है। यद्यपि, 'त्यागपत्र' की मृणाल के वैवाहिक जीवन के बिखराव का कारण उसकी स्वच्छन्दता से अधिक उसके पति की शंकालु वृत्ति को रेखांकित किया गया है। मृणाल के पति–गृह–त्याग को उसकी मजबूरी करार दिया गया, फिर भी इस दोषारोपण से मृणाल भी नहीं बच सकती क्योंकि पति–पत्नी के बीच टकराव का जो कारण उभरता है, वह मृणाल का विवाह पूर्व प्रेम सम्बन्ध था।

जैनेन्द्र ने औपन्यासिक चिन्तन के धरातल पर नारी–पुरुष की परस्परता में देह सम्बन्ध या काम सम्बन्ध को ज्यादा तरजीह दी है। इस विचारधारा के चलते उनके पात्रों द्वारा हर मर्यादा और आचरण संहिता को ठोकर लगाना आम बात है। इसलिए वे देह की आवश्यकता और उसकी पूर्ति में परस्पर आदान–प्रदान को अधिक महत्वपूर्ण समझते हैं। तभी उनके नारी पात्र प्रेम और विवाह की सीमाओं में आबद्ध रहकर भी प्रेम सम्बन्धों को स्वीकार करते हैं। परन्तु 'त्यागपत्र' के मृणाल की स्थिति कुछ दूसरी दिशा का संकेत करती है। इसमें मृणाल न तो पूर्ण रूप से एक सफल प्रेमिका ही बन पाती है और न ही वैवाहिक जीवन में सामंजस्य बिठा पाती है।

'त्यागपत्र' में पति–पत्नी के रिश्तों में केवल दो ही जोड़े सामने आते हैं। एक तो प्रमोद के माता–पिता और दूसरे मृणाल और उसका पति। इन में प्रथम जोड़े के बीच कोई द्वन्द्व नहीं उभरता है। इतना अवश्य है कि दोनों में मतभेद है, परन्तु पति सामाजिक बन्धनों के डर से पत्नी के विचारों से समझौता कर लेता है। मृणाल और उसके पति के बीच का द्वन्द्व कुछ ज्यादा ही मुखर दिखाई पड़ता है। मृणाल केवल एक पति के साथ ही नहीं, बल्कि थोड़े–थोड़े समय के लिए दो–दो पतियों के साथ पत्नी की भूमिका में आती है, परन्तु वह दोनों जगह असफल और विद्रोही ही साबित होती है। दोनों जगह पर उसने पति को नहीं, बल्कि पति ने ही मृणाल को छोड़ दिया। इसके अलावा मृणाल की एक दूसरी भूमिका प्रेमिका की है, जिसमें भी वह सफल न हो सकी। उसके प्रेम पर सामाजिक मर्यादा अधिक हावी हो जाने से वह केवल खण्डित प्रेमिका से कुछ अधिक न बन सकी। वह सामाजिक और पारिवारिक दबाव में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से विवाह तो कर लेती है, परन्तु उसके भीतर का मन अभी पूर्व प्रेम के प्रति पूर्णरूपेण समर्पित है। फिर भी बीच–बीच में सामाजिक बन्धन और वैवाहिक पवित्रता का बोध उसे भीतर तक हिला देता है। उसकी यह स्थिति उस समय उभरकर सामने आती है, जब प्रमोद उसके प्रेमी के पास से पत्र लेकर वापस आता है–

"प्रमोद, अब तू वहाँ कभी मत जाना। तुझको जवाब लाने को किसने कहा था? कभी किसी को कोई खत लाने की जरूरत नहीं है। समझा ?"

मैं कुछ भी नहीं समझा था।

वह बोली– "इतना अनसमझ क्यों है प्रमोद। तू नहीं जानता कि मेरी शादी हो गई है ?"[1]

मृणाल यहाँ बराबर अन्तर्द्वन्द्व का शिकार है। एक तरफ वह पूर्व प्रेमी की तरफ आकर्षित होती है तो दूसरी तरफ पत्नीत्व का निर्वाह करने के लिए भी कटिबद्ध दिखती है। एक सच्ची पतिव्रता के भावावेग में प्रमोद से यकायक कह पड़ती है–

"देख प्रमोद, शीला के भाई का कोई पैगाम आया कि मैं छत से गिरकर मर जाऊँगी। मुझे उन्होंने क्या समझा है ?"[2]

मृणाल का यही अन्तर्द्वन्द्व उसे प्रेमिका और पत्नी दोनों ही भूमिका से अलग ऐसी विद्रोही की भूमिका प्रदान करता है जिसे समाज द्वारा कोई नाम नहीं दिया जा सकता है। इसी अन्तर्द्वन्द्व के कारण उसका वैवाहिक जीवन नष्ट हो जाता है। मृणाल पति–पत्नी के बीच संबंधों और विचारों का खुलापन चाहती है। वह

chandra shekhar Ram

UGC Approved Journal No 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol. 9, No. 8, April, 2018
Impact Factor : 2.591
ISSN : 0976-6650

जितनी ही स्वच्छन्द जीवन-दर्शन की समर्थक है, ठीक उसके विपरीत उसका पहला पति उतना ही रूढ़िवादी विचारों और संकीर्ण मानसिकता का पोषक. जैसा कि उसके पति के कथन से स्पष्ट है- "आपने उन्हें समझा तो दिया ही होगा। जरा रोहत का ख्याल रखा करें। और दुनिया का भी लिहाज रखना चाहिए। आप जानिए, बहू-बेटियों की चलन की रीति-नीति हुआ करती है। अपने तो वही पुराने अक़ीदे हैं। अपना कुल-शील भला आता है, वह निभा तो फिर क्या रह गया। जरा ये बातें समझा देनी चाहिए।"[3]

मृणाल और उसके पति के बीच विचारों की इतनी बड़ी खाई सीधे-सीधे पारिवारिक विघटन की बुराइयों को उभार देती है। ये बुराइयाँ आज आधुनिक मध्यवर्गीय प्रत्येक परिवार के पति-पत्नी के रिश्तों के बीच दीमक का कार्य कर रही है। इसका कारण अनचाहे-अनजाने रिश्तों को एक साथ बलपूर्वक बाँधकर धर्म और समाज के नाम पर विवाह जैसे पवित्र बन्धन के साथ निरन्तर किया जाने वाला बलात्कार है। इसका प्रमुख प्रमाण न्यायालयों में भारी संख्या में आने वाले तलाक के मुकदमे हैं। इसी वैचारिक मतभेद के और अधिक गाढ़े होने और पत्नी मृणाल के विवाह पूर्व प्रेम सम्बन्ध की जानकारी प्राप्त होने पर संकीर्ण मानसिकता वाले पति को और अधिक सह पाना दुष्कर लगा। इसका परिणाम मार-पीट कर मृणाल को घर से निकाल देने के रूप में सामने आया। यहीं पति-पत्नी के बीच द्वन्द्व का कारण सामाजिक से अधिक व्यक्तिगत है, क्योंकि दोनों अपने-अपने स्वाभाविक मार्ग को छोड़ कर समझौतावादी रुख नहीं अपनाना चाहते हैं। अतः एक दृष्टि में यह द्वन्द्व अति रूढ़िवादी और अति प्रगतिशीलता के बीच है। मध्य का मार्ग दोनों को मान्य नहीं।

पति-पत्नी के द्वन्द्व का एक रूप मृणाल और कोयटे वाले के बीच उभर कर सामने आता है। हालांकि इस रिश्ते को प्रेमी-प्रेमिका का भी रिश्ता कहा जा सकता है, परन्तु दोनों की यह निकटता पारस्परिक लगाव और प्रेम के कारण न होकर आवश्यकता और रूप लोभ के कारण थी। साथ ही मृणाल की भूमिका प्रेमिका की न होकर गृहिणी की अधिक दिखाई पड़ती है। अतः इसे पति-पत्नी का ही रिश्ता कहा जा सकता है। यद्यपि मृणाल ने इस रिश्ते को स्वेच्छा से स्वीकार किया, फिर भी यह ज्यादा देर तक टिकाऊ नहीं था, क्योंकि इसका आधार पारस्परिक वैचारिक सामंजस्य न होकर पति का रूप लोभीपन था। उसका मोहभंग एक न एक दिन होना ही था और वह हुआ भी। मृणाल को इस मोह भंग का आभास पहले से ही था- "जानती थी, इसलिए मैं उसे साथ ले आई। वह बेरुखी का भाव अब शुरू हो गया है। अब उसे चले ही जाना चाहिए। परिवार उसका वहाँ अकेला है। मुझे वह नहीं झेल सकता। मेरी कोशिश है कि वह मुझसे उकता जाय। अपनी अवस्था मैं जानती हूँ, पेट में बालक है, लेकिन ऐसी अवस्था में भी स्वार्थ की बात सोचना ठीक नहीं है। मैं उसे उसके परिवार में लौटाकर ही मानूंगी।"[4] फिर भी जो चीज इस रिश्ते को कुछ समय तक बरकरार रख सकी, वह मृणाल का अन्तर्द्वन्द्व था, जिससे वह पहले पति का घर छोड़ने के साथ तत्काल उचित निर्णय न ले सकी और एक शोषण से निकल कर दूसरी तरह के शोषण का शिकार हो गयी। इस शोषण से मुक्ति उसे तब मिली, जब उसने विवाह और परिवार बन्धन से अलग स्वतन्त्र मार्ग चुना।

जैनेन्द्र के उपन्यासों का विषय मुख्यतः पारिवारिक सम्बन्धों का विश्लेषण रहा है, जिसमें विशेषकर उन्होंने पति-पत्नी के सम्बन्ध-सूत्र के प्रत्येक आयाम को रेखांकित किया है। इस प्रक्रिया के चलते संतान और माता-पिता के बीच उभरने वाले द्वन्द्व भी खुलकर सामने आ गए हैं। आज के पारिवारिक सम्बन्धों में बिखराव का कारण माता-पिता और सन्तान के बीच निरन्तर बढ़ने वाला मतभेद है। यह मतभेद किसी विशेष परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि आज प्रायः सभी मध्यवर्गीय परिवारों की हालत एक जैसी है। इसका कारण समय के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन है, जिसके कारण नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी का द्वन्द्व अवश्यंभावी है। संतानें जिस परिवेश में पल रही हैं, उसमें पुराने सामाजिक नियम और परंपराएं निरन्तर दम तोड़ती जा रही हैं। फिर भी माता-पिता द्वारा बार-बार उन पर थोपी जाने वाली सामाजिक मर्यादाओं से उनके प्रति संतानों की अनिच्छा और विद्रोह बढ़ता जाता है और एक समय ऐसा आता है, जब कि संतान अपने माता-पिता को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज के सामने चुनौती बनकर खड़ा हो जाती है। ऐसी स्थिति में वह विद्रोही संतान या तो समाज को तोड़ देती है या इस प्रक्रिया में खुद टूट जाती है। पर समाज की शक्ति अधिक होने और आत्मबल की कमी होने पर व्यक्ति के ही टूट जाने की संभावना ज्यादा बनी रहती है।

'त्यागपत्र' उपन्यास में दो विद्रोही चरित्र मृणाल और प्रमोद उभर कर सामने आते हैं। इनमें भी मृणाल का विद्रोह अधिक मात्रा में उभर कर सामने आता है।

यद्यपि माँ-बाप के व्यवहार की असमानता, निर्भरता तथा भय के संघर्ष के कारण उपजने वाले पारिवारिक द्वन्द्व का रूप मृणाल में नहीं दिखाई देता है। प्रारम्भ में माता-पिता की मृत्यु के बाद मृणाल के

Chandra Shekha Ram

216

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol 9, No 8, April, 2018
Impact Factor : 2.591
ISSN : 0976-6650

भाई ने मृणाल को खूब स्वतन्त्रता दी। अतः इस समय द्वन्द्व उपजने का औचित्य ही नहीं था, परन्तु ज्यों-ज्यों मृणाल का क्रिया-कलाप प्रेम के क्षेत्र में बढ़ने लगता है, त्यों-त्यों पारिवारिक दमन प्रारम्भ हो जाता है।

मृणाल की संरक्षिका उसकी भाभी पुरानी विचारधारा की नारी है। अतः उन्हें मृणाल का इस तरह स्वच्छन्द रूप से विचरण करना मान्य नहीं। वे मृणाल को परिवार और सामाजिक मर्यादाओं की कसौटी पर कसने का बराबर प्रयत्न करती है। इस प्रक्रिया में यदि आवश्यकता पड़ी तो वे उसे प्रत्यक्ष प्रताड़ित करने में भी नहीं झिझकती थी। जैसा कि मृणाल के कथन से स्पष्ट है—

'पिता का स्नेह बिगाड़ न दे, इस बात का मेरी माता को खास ख्याल रहता था। वह अपने अनुशासन में सावधान थी। मेरी बुआ को प्रेम करती थी, यह तो किसी हालत में नहीं कहा जा सकता। पर आर्य गृहिणी का जो उनके मन में आदर्श था, मेरी बुआ को वे ठीक उसी के अनुरूप ढालना चाहती थी।"[8]

मृणाल और मृणाल की भाभी के बीच यह द्वन्द्व यहीं खत्म नहीं हो जाता, बल्कि वे मृणाल का विवाह भी उसकी इच्छा के विरुद्ध एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से करा देती है। साथ ही मृणाल के ससुराल चली जाने पर वे उसकी खबर तक नहीं लेती थी। मृणाल की भाभी अपने पति की इज्जत और मर्यादा के प्रति सचेत होकर मृणाल को बाल्यावस्था से ही अनुशासन में रखना चाहती थी। उनको डर था कि मृणाल कहीं अपने भैया की इज्जत को बिगाड़ न दे। इसलिए वे बराबर इस बात के लिए सचेष्ट रहती थी और मृणाल पर नजर रखती थी। अब प्रश्न उठता है कि इस प्रकार का कड़ा अनुशासन क्या व्यक्ति और समाज के लिए आवश्यक है? इसके लिए ठीक-ठीक दो टूक जवाब देना मुश्किल है परन्तु इतना तो कहा ही जा सकता है कि कठोर अनुशासन में व्यक्ति के सामाजिक बनाने के बजाय विद्रोही बनने की संभावना अधिक रहती है, जिसका उदाहरण 'त्यागपत्र' की मृणाल है।

यद्यपि मृणाल और उसके भैया भाभी के बीच का सम्बन्ध माता-पिता और सन्तान का नहीं है, फिर भी मृणाल के माँ-बाप न होने की वजह से दोनों की संरक्षक की भूमिका में होने के कारण उसके भैया-भाभी माता-पिता की ही भूमिका अदा करते हैं।

मृणाल और उसके भैया के बीच में भी द्वन्द्व मुख्यतः मृणाल के प्रेम सम्बन्धों को लेकर है। जिस व्यक्ति ने अपनी बहन को बचपन से ही अगाध स्नेह और स्वतन्त्रता दी, वही आज इतना निष्ठुर हो गया कि परिवार की झूठी मर्यादा के लिए अपने बहन के प्रेम की बलि चढ़ा दी। यह द्वन्द्व सामाजिक मर्यादाओं के प्रति उत्कट लगाव के कारण उत्पन्न हुआ क्योंकि इसी अंधी सामाजिक मर्यादा ने उसे अपनी बहन की सुख-सुविधाओं का ख्याल तक नहीं आने दिया। परिणामस्वरूप मृणाल के स्वच्छन्द प्रेम से खीझकर उन्होंने मृणाल का विवाह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति के साथ कर दिया। मृणाल के भाई का यह अन्तर्द्वन्द्व बाह्य नहीं है, बल्कि वह मृणाल की स्थिति के कारण अन्तर्द्वन्द्व में पला है। एक तरफ वह अपनी बहन को अत्यधिक प्यार करता है और दूसरी तरह लोकलाज के डर से उसे जबरन ससुराल भेज देता है। यद्यपि उसने अपनी पत्नी की तरह मार-पीट का सहारा नहीं लिया, फिर भी कूटनीति के द्वारा अपनी बहन की इच्छाओं का भरपूर दमन किया। वह मृणाल को समझाते हुए कहता है– "सुनो मृणाल, अभी भेजने की राय नहीं थी। तुम्हारी हालत नाजुक है। लेकिन तुम्हीं बताओ, मैं क्या करूँ?"[9]

एक तरफ वह उससे सहानुभूति दिखाता है और वहीं दूसरी तरफ समझाने-बुझाने का रास्ता
अपनाता है। परन्तु दोनों ही रास्ते अन्ततः मृणाल की इच्छाओं के दमन के लिए ही प्रयुक्त हुए हैं–
"पर पति के घर के अलावा स्त्री को और क्या आसरा है? यह झूठ नहीं है मृणाल कि पत्नी का धर्म
पति है। घर पति-गृह है। उसका धर्म, कर्म आरैर उसका मोक्ष भी वही है। समझती तो हो बेटा।"
इस प्रकार दोहरी दमनात्मक नीति से मृणाल विद्रोह कर बैठती है और पति का गृह छोड़ने के बाद
लाख कठिनाइयाँ झेल लेती है परन्तु अपने मायके वापस नहीं आती है। इस घोर निराशा और लाचारी की
स्थिति में प्रमोद ही उसका एक अपना सगा संबंधी है जिसे वह बहुत प्यार करती है। फिर भी वह घर चलने
के प्रमोद के प्रस्ताव को ठुकरा देती है।
माता-पिता और सन्तान के बीच द्वन्द्व का दूसरा सूत्र प्रमोद है। प्रमोद और उसके पिता के बीच
किसी प्रकार का द्वन्द्व नहीं दिखाई पड़ता है। परन्तु प्रमोद और उसकी माँ के बीच यह द्वन्द्व अधिक उभरकर
सामने आया है। फिर भी उसका विद्रोह उतना नहीं उभर सका जितना होना चाहिए था। कारण, मृणाल की
विद्रोह चेतना की अधिक तीव्रता है। प्रमोद का अपनी माँ और पिता के प्रति विद्रोह तब दिखाई पड़ता है जब
वह बुआ को ससुराल जाने से रोकता है। वह अपने पिता और माता की इच्छा के विरुद्ध मृणाल का सदैव
साथ देता है और बुआ को ससुराल जाने से रोकता है–

UGC Approved Journal No. 49321
Shodh Drishti (An International Peer Reviewed Refereed Research Journal), Vol 9, No. 6, April 2018
Impact Factor : (2.59)
ISSN : 0976-6650

"मैंने अपनी समझ में जाने क्या कुछ समझकर कहा– "तो बुआ यहीं जाने की कोई जरूरत नहीं–
मैं नहीं जाने दूंगा।"

बुआ ने कहा – "भला किस जोर से नहीं जाने देगा ?"

"बस कह दिया, नहीं जाने दूंगा।"[4]

प्रमोद के इस प्रकार का विद्रोह केवल 'स्व' के प्रति नहीं है, बल्कि 'पर' यानी अपनी बुआ के प्रति
है। उसकी बुआ के ऊपर किया जाने वाला अत्याचार ही प्रमोद और उसकी माँ के बीच द्वन्द्व का कारण
रहा। वह अपनी माँ द्वारा लाख मना किये जाने पर भी अपनी बुआ से मिलने जाता है। वह माँ की इच्छाओं
के विरुद्ध बार–बार बुआ को घर आने का आग्रह करता है—

"मैंने कहा– तुम्हें पता है, मैं बीस बरस का हो रहा हूँ, बालिग हूँ। घर का मालिक हूँ। माँ है, तो
मेरी है। मैं तुम्हें यहाँ कैसे रहने दूँगा ?"

बुआ ने पूछा– "तो तू जरूर ले चलेगा ?"

"जरूर ले चलूँगा।"[5]

प्रमोद की माँ और उसकी बुआ के बीच निरन्तर बढ़ने वाले द्वन्द्व ने केवल उन दोनों के ही जीवन
में कटुता नहीं घोली बल्कि उसका परोक्ष प्रभाव प्रमोद के सम्पूर्ण जीवन पर पड़ा जिसने प्रमोद के जीवन में
भयंकर विष घोल दिया। परिणामस्वरूप प्रमोद जीवन भर अविवाहित रहने का संकल्प ले लेता है। इसी द्वन्द्व
ने प्रमोद के जीवन में अन्तर्द्वन्द्व का समावेश कर दिया। वह बुआ की तरफ तो बढ़ता है परन्तु माँ का पूर्णतः
साथ नहीं छोड़ पाता। अन्ततः उसने जज के पद से त्यागपत्र दे दिया। उसके अपने शब्दों में–

"इसलिए आज जो असली तराजू है उसमें हल्का तुल रहा हूँ। आज इस सारी वकालत के पैसे
और बुद्धिमत्ता की प्रतिष्ठा के ऊपर बैठकर सोचता हूँ कि क्यों मुझसे तनिक सरल सामान्य नहीं बन गया ?
इस सब का अब मैं क्या करूँ जबकि समय रहते प्रेम के प्रतिदान से मैं चूक गया। यह सब मैल है जो मैंने
बटोरा है। मैल की मेरी आत्मा की ज्योति को ढंक रहा है। मैं सब यह नहीं चाहता हूँ।"[10]

इस प्रकार 'त्यागपत्र' उपन्यास में मृणाल और प्रमोद का अपने संरक्षक एवं माता–पिता के बीच
उभरने वाला द्वन्द्व आज की पीढ़ी का द्वन्द्व है। नयी पीढ़ी पुरानी घिसी–पिटी परम्पराओं के बोझ को ढोना
नहीं चाहती, बल्कि जो मान्यताएँ उसके मार्ग में रोड़ा हैं, उन्हें झटककर एक पूर्ण मानव की भूमिका अदा
करना चाहती है।

निष्कर्षतः जैनेन्द्र के उपन्यासों में उनके पात्र अन्तर्द्वन्द्व की विभिन्न स्थितियों में जीवन जीने के लिए
अभिशप्त दिखते हैं। यही अन्तर्द्वन्द्व 'त्यागपत्र' उपन्यास के विभिन्न पात्रों पर हावी रहा। मृणाल का अन्तर्द्वन्द्व
आदर्श और यथार्थ का है, विवाह और प्रेम का है, स्वतंत्रता और बन्धन का है, परम्परा और प्रगतिशीलता का
है, व्यक्ति और समाज का है, पुरुष और नारी–अस्मिता का है। प्रारम्भ में उस पर आदर्श हावी रहा परन्तु
अन्ततः परिस्थितिवश उसे यथार्थ स्वीकार करना पड़ा। प्रमोद का अन्तर्द्वन्द्व माँ और बुआ के रिश्ते एवं मर्यादा
और वास्तविकता का है। मृणाल के भाई का अन्तर्द्वन्द्व बहन के प्रति प्रेम और सामाजिक बन्धन का है। प्रमोद
की माँ का अन्तर्द्वन्द्व नारी सुलभ ईर्ष्या और संरक्षक भाव का है। इन पात्रों के साथ–साथ स्वयं जैनेन्द्र का भी
अन्तर्द्वन्द्व उभर आता है। वे विवाह और प्रेम के बीच उलझे दिखाई पड़ते हैं। अन्ततः दोनों में से वे किसी
एक को पूर्णता तक नहीं पहुँचा पाते हैं।

संदर्भ :

1. जैनेन्द्र कुमार, त्यागपत्र, पृ० 21
2. वही, पृ० 22
3. वही, पृ० 35
4. वही, पृ० 57–58
5. वही, पृ० 10
6. वही, पृ० 29
7. वही, पृ० 28
8. वही, पृ० 26
9. वही, पृ० 49
10. वही, पृ० 83

MANAVIKI

An International Peer Reviewed and Refereed Research
Journal of Humanities & Social Sciences

UGC List No-: 42515 IIJF Impact Factor-: 3.097

Vol. IX No. II Issue III July-December 2018



A REFEREED JOURNAL OF THE SOCIETY FOR
EDUCATION & SOCIAL WELFARE, VARANASI – 221005
(INDIA)

Published by
Society for Education & Social Welfare
Varanasi – 221005
INDIA

IN ASSOCIATION WITH
K.R. PUBLISHERS AND DISTRIBUTORS
Baba Shopping Complex, Lanka, Varanasi –05

ISSN 0975-7880
© Publisher
December 2018
Chief Editor: Ravindra N. Singh
Editors: Vikas Kr. Singh, Niraj Kr. Mishra, Amit Kr. Upadhyay
Associate Editors: Ajit Kr. Choudhary, Amit Ranjan

For subscription/ contribution/ advertisement/book reviews contact/ write to

The Editors, Manaviki
Department of A.I.H.C. & Archaeology
Faculty of Arts, Banaras Hindu University
E-mail: manavikiresearchjournal@gmail.com
Mob. 09415682014, 9621429385

Printed by
DURGA PRINTING PRESS,
Varanasi

Articles in this journal do not reflect the view of policies of the Editors or the Publisher. Respective authors are responsible for the originality of their view/opinions expressed in their articles.

Hayat Ahamad

63. संशयतदुच्छेदवाद में सृष्टिप्रक्रिया विचार
डॉ. अर्चना तिवारी 273-274

64. अवधी लोकगीतों में रामकथा की परम्परा
डॉ. अमित कुमार मिश्रा 275-277

65. Body as an Integral part in Kaushik Ganguly's filmic text *Nagarkirtan(2017)* :A Critical study through Queer Politics and Social Change. 278-282
Mintu Paul

66. हिन्दी का जातीय उपन्यास
डॉ. विशाल विक्रम सिंह 283-287

67. Urbanisation, Urban Governance and Environment
Dr.Giriraj Singh Chauhan 288-293

68. A comparative study on level of agression among the male University players of hockey, football and Volleyball 294-298
Virender Singh Jaggi

69. सूर्य पूजा एवं उनकी प्राचीन मूर्तियां
डॉ0 सन्तोष कुमार 299-304

70. Baluchistan's struggled History for Independent Existence :A Critical Observation 301-304
Dr. Sutapa Das

71. जन जागरण और गाँधी जी का सूक्ति साहित्य
डॉक्टर संगीता गुप्ता 305-312

72. A Comparative Study of Explosive Strength of Graduate Level Basketball and Handball Women Players 313-316
Dr. Seema Singh

73. A Study Of Attitude Of IX Standard Students Towards Rights Of Children 317-323
Dr. Keerti Singh

74. Trends in development and utilization of sericulture resources for diversification and value addition 324-326
Dr. Bhupendra Prasad Singh

75. मोहन राकेश के नाटकों के दीर्घ संवादों का विश्लेषणात्मक अनुशीलन 327-331
चन्द्रप्रकाश मिश्र

76. प्रसाद का समय और रचना–दृष्टि 332-336
डॉ श्रुति आनंद

77. 'उत्तरप्रियदर्शी' और उसकी प्रासंगिकता 337-341
डॉ राजहंस कुमार

78. Impact of MGNREGA on rural women labourers 342-346
Dr. Amrapali Trivedi

'उत्तरप्रियदर्शी' और उसकी प्रासंगिकता

डॉ राजहंस कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय

अज्ञेय हिंदी साहित्य में आधुनिक भाव बोध को नेतृत्व देने वाले बड़े रचनाकार हैं। उनकी सर्जनात्मकता बड़े जीवनवृत से सम्बंधित रही है। उनके रचना की प्रविधि न सिर्फ परम्परा को पोषित संशोधित करती है बल्कि वर्तमान और भविष्य को भी राह दिखाती है। उन्होंने (कविता कहानी,उपन्यास,पत्रकारिता ,निबंध,डायरी ,आलोचना,नाटक)लगभग सारी विधाओं में अपनी लेखनी चलायी है। उनके इतने विस्तृत रचना संसार के पीछे एक ओर उनकी अपनी यायावरी से प्राप्त जीवनानुभव है तो दूसरी ओर उनकी बहुपठनीयता।इसलिए उनकी रचनाओं में भिन्न–भिन्न विचार,संस्कृति एवं साहित्य का प्रभाव देखने को मिलता है। ध्यातव्य है कि ये प्रभाव उनकी रचनाओं में प्रभाव बन कर आया है नकल नहीं। पश्चिमी विचारक फ्रायड हो या इलियट ,जापानी चिन्तक एडलर जुंग हों या फिर आधुनिक भारतीय योगी अरविन्द ,चाहे जापानी जेन बुद्धिज्म हो या भारतीय ध्यानचन्द्र सम्प्रदाय सभी विचार उनकी रचनात्मकता में भारतीय रूप ग्रहण कर लेता है।

अज्ञेय की इस भारतीय सर्जनात्मकता का प्रमाण एक ओर साहित्य सृजन है तो दूसरी ओर साहित्य एवं समाज सम्बंधित उनके गंभीर चिंतन सूत्र। उनके यहाँ ये दोनों ही द्वंद्वात्मक अर्थ में एक दूसरे को विकसित करते चलते है। उनके कुछ प्रमुख चिंतन विंदु हैं–व्यक्ति एवं समाज भाषा सम्बंधित विचार परंपरा और आधुनिकता।अज्ञेय के अनुसार व्यक्ति एवं समाज में परस्पर निर्भरता है किन्तु व्यक्ति ही समाज की प्राथमिक इकाई है। व्यक्ति सृजित मूल्यों को ही काटछांट कर समाज आचरण योग्य बनाता है। ये मूल्य कभी–कभी पुराने पड़ जाते है तो व्यक्ति को इन्हें तोड़कर नए मूल्यों की तलाश करनी होती है। अतः अज्ञेय व्यक्ति एवं समाज की परस्पर निर्भरता मानते हुए भी व्यक्ति को ही प्रधानता देते हैं। अज्ञेय में भाषा सम्बन्धी चिन्तन दो रूपों में देखा जा सकता है।एक तो उनके भाषा सम्बन्धी वैचारिक निबंधों में , दूसरे साहित्य में प्रयुक्त उनके भाषिक उपकरणों के रूप में। अज्ञेय के अनुसार भाषा किसी भी संस्कृति की बुनियाद होती है उसकी तीन शक्तियां होती हैं –यथार्थ की अभिव्यक्ति ,अस्मिता की पहचान एवं मूल्यबोध।अज्ञेय भाषा के अवमूल्यन को आधुनिक युग की एक गंभीर समस्या मानते हैं एवं उसकी शुरुआत मीडिया से मानते हैं।

इसी तरह काव्य में अज्ञेय ,अर्थपूर्ण शब्द को अत्यधिक महत्त्व देते हैं। साहित्य में फैली शब्दों की असम्प्रेषणीयता ही उन्हें शब्द से मौन की ओर ले जाती है। उनके अनुसार कविता शब्दों में उतनी नहीं होती जितनी शब्दों के बीच के विराम में होती है। सम्प्रेषणीयता की तलाश के प्रयोजन में ही अज्ञेय के काव्य में प्रतीक एवं बिम्ब बिलकुल नूतन रूप में आये हैं।मछली सागर ,बूँद ,दीपक महावृक्ष ,सांप जैसे अनेक पारम्परिक प्रतीकों में उन्होंने नवीन अर्थ भरा है। गहरी अनुभूति एवं सूक्ष्म अंतर्दृष्टि से जुड़े होने के कारण ही उनके बिम्ब,भावों को मूर्त करने में अत्यंत सक्षम हैं। मिथक अज्ञेय काव्य का प्रमुख भाषिक उपकरण रहा है। उनके अनुसार यह एक रहस्यमय शक्ति है। सवत्सा कामधेनु ,जराव्याध,कृष्ण जैसे अनेक मिथक उनकी भाषाई सम्प्रेषणीयता को सशक्त करते हैं।

अज्ञेय ने आधुनिकता को परम्परा से जोड़कर देखा है। उनके अनुसार आधुनिकता न तो पश्चिम की नकल है न ही यंत्रीकरण।वह व्यक्ति संवेदन का संस्कार है।व्यक्ति संवेदन का संस्कार अपनी परम्परा से कटकर नहीं हो सकता है।किन्तु परम्परा में रूढ़ हो चुकी चीजों को त्याग देना ही श्रेयस्कर है।अतः अज्ञेय समाज एवं साहित्य दोनों क्षेत्रों में परम्परा से कटी आधुनिकता को आधुनिकता नहीं मानते।

चिन्तक एवं रचनाकार के रूप में अज्ञेय पर जितनी भी चर्चा की जाये या हुई है कम है। सैकड़ों संगोष्ठियाँ एवं अज्ञेय पर किये गए शोध कार्य भारतीय अकादमिक जगत में इस बात को स्वतः प्रमाणित करते है।परन्तु नाटककार अज्ञेय साहित्य जगत के लिए अनजान रहे है उनकी विस्तृत रचनात्मकता के संसार का यह कोना अधिकांश आलोचकों पाठकों व छात्रों के लिए अनछुआ है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अज्ञेय ने एक विलक्षण गीतिनाट्य की रचना भी की है सम्राट अशोक के उत्तर जीवन पर लिखा गया यह नाटक है 'उत्तर प्रियदर्शी'। अज्ञेय रचित यह गीतिनाट्य हिंदी गीति नाट्य परम्परा में महत्वपूर्ण स्थान का अधिकारी है।इतने विस्तृत रचना संसार के बावजूद यह उनके जीवन की एक मात्र नाट्यकृति है। य। पि उनके नजदीकी मित्रों के अनुसार उन्होंने 'फ्रांसिस डे' पर एक गीति नाट्य लिखा था एवं कबीर पर भी एक गीति नाट्य लिखने वाले थे।यह महज संयोग की बात है कि उनकी पहली कृति रचना के रूप में

ISSN 0975-8690 UGC List No 44958 Impact Factor 3.214

THE ETERNITY

An International Multidisciplinary Peer Reviewed and Refereed Research Journal

Volume X No. 1-2 January-June [illegible]

Patron
Prof. Dilip K. Dureha

Editor-in-chief
Dr. Yatendra K. Singh

Editors
Prof. Surendra Singh
Dr. Priyanka Singh
Dr. Vinit [illegible]

Associate Editor
Priti Singh

THE ETERNITY

द इटर्निटी

An International Multidisciplinary Peer Reviewed and Refereed Research Journal

UGC List No 44958 ISSN : 0975-8690 Impact Factor 3.214

Vol. X No. 1-2 January-June 2019

Content

- **Determinants and systems of voting in Indian politics** 1-6
  Manish Kumar
- प्राचीन भारत में बुद्ध कालीन शिक्षण प्रणाली 7-11
  कुमारी सोनम
- विनानिपातपदसमभिव्याहारे द्वितीयार्थविचारः 12-15
  डा.मनोज कुमार मिश्रा
- शिवानी के उपन्यासों में भाषा शैली एवं शिल्प विधान 16-22
  पूजा सोनी
- पटना शहरी क्षेत्र में भू स्थानिक तकनीकों का उपयोग करते हुए शहरी फैलाव का आंकलन 23-29
  अल्पना कुमारी
- तर्कसंग्रहदृष्टया हेत्वाभासस्वरुपविचारः 30-34
  रामचन्द्र
- **Competitiveness of Nepal's Foreign Trade: A Study of Revealed Comparative Advantage** 35-43
  Rohit Kumar Singh
- 'इन्द्रिय' सर्वास्तित्ववाद के विशेष संदर्भ में 44-48
  डॉ0 रवि रंजन द्विवेदी
- **The Study of Philosophical and Educational Thought of Maharishi Aurobindo Ghosh And Swami Vivekananda in present context** 49-58
  Dr. Om Singh
- एक विलक्षण भारतीय बौद्धिक : कृष्णदत्त पालीवाल (आलोचना दृष्टि के सन्दर्भ में) 59-63
  डॉ. राजहंस कुमार
- राष्ट्रीय एकता का सृजनात्मक आयाम 64-68
  डॉ. श्रुति आनंद सिंह

एक विलक्षण भारतीय बौद्धिक : कृष्णदत्त पालीवाल (आलोचना दृष्टि के सन्दर्भ में)

डॉ. राजहंस कुमार
महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, दिल्ली, विश्वविद्यालय

प्रोफेसर कृष्णदत्त पालीवाल अब पार्थिव रूप में नहीं रहे। कुछ वर्ष पहले फरवरी की एक गुनगुनी सुबह सूर्य की प्रथम रश्मि पर सवार हो उनका प्रयाण हुआ। पर उनका स्नेह–स्पर्श, उनकी छवि–छुअन साहित्य समाज के लिए आज भी पूरी गर्माहट व पार्थिवता के साथ मौजूद है।

प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल अक्सर अपने वक्तव्यों में, व्यक्तिगत वाद–संवाद में मौके – बे मौके भारतेंदु की एक पंक्ति उल्लिखित कर जाते थे कि हरिचंद जू है जग की यह रीति विदा के समय सब कंठ लगावत। 'विदा होते' को सारी दुनिया गले लगाती है। भारतीय अनुभव परम्परा के मर्म में लिपटी यह पंक्ति व्यंग्य सन्दर्भों में नाटक के तीर की तरह घातक है। अर्थ ना सिर्फ जग के लिए उपहास लेकर आता है बल्कि जाने वाले पर भी निर्मम हो उठता है। जो लोग कृष्णदत्त पालीवाल को जानते हैं वो आज समझ सकते कि पालीवाल जी जैसे व्यक्ति साहित्य–समाज की किन विद्रूपताओं, दरिद्रताओं को ढंकने के लिए भारतेंदु की इन पंक्तियों का स्मरण करते करवाते थे। इसलिए आवश्यक है कि प्रो. पालीवाल को पढ़ने–गुनने, सुनने–सुनाने वाले एवं स्मरण करने वाले लोगों के नेपथ्य में यह पंक्ति अवश्य बजे और मुनासिब होगा कि प्रो. पालीवाल को जग की रीत के तहत नहीं, एक बौद्धिक अतीत के तहत नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी की विस्मृति के बियाबान में भटकती भारतीय बौद्धिकता और आलोचना की उम्मीद के रूप में स्मरण किया जाए।

विहंगम आलोच्य दृष्टि से देखा जाए तो प्रो. कृष्ण दत्त पालीवाल की पुस्तकों की फेहरिस्त जितनी लम्बी है उतनी ही उनके साहित्यिक सक्रियता की। वे निरंतर लगभग चार दशकों तक विविध रचनाकारों पर विचार विमर्श में संलग्न रहे। देश–विदेश में भारत से जापान तक पठन–पाठन के साथ महादेवी, सर्वेश्वर, भवानीप्रसाद मिश्र, अज्ञेय, निर्मल वर्मा, गिरिजा कुमार माथुर, मनोहर श्याम जोशी जैसे रचनाकारों के टेक्स्ट से संवाद किया। भक्तिकाल से लेकर उत्तर आधुनिक समय की रचनाओं एवं हलचलों पर लेखन–कार्य और भारतीय साहित्य के इतिहास लेखन में साहित्य अकादमी को दिया गया उनका सहयोग हिन्दी जगत के लिए अविस्मरणीय है। इसी तरह डॉ. नगेन्द्र द्वारा संपादित भारतीय साहित्य ने नवजागरण, स्वच्छन्दतावाद एवं राष्ट्रीय कविता पर रखे गए उनके विचार महत्वपूर्ण जान पड़ते हैं। पर इन सारी लेखन फेहिरतों से गुजरते हुए ना तो प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल की बौद्धिक प्रतिभा को समझा जा सकता है, न ही उनके आलोचकीय कार्यों को आँका जा सकता है।

दरअसल, प्रो. कृष्णदत्त पालीवाल को समझने आंकने के लिए प्राथमिक तौर पर दो बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रथमतः उनमें मौजूद गहरा

July. 2018

भारत विभाजन

ISSN : 2320-5733

त्रैमासिक, जुलाई-सितम्बर 2018, 25 रुपये मात्र

समसामयिक सृजन

समकालीन साहित्य, शिक्षा एवं संस्कृति का संगम



आलेख

भारत-विभाजन, साम्प्रदायिकता की समस्या और तमस

– डॉ. आभा शर्मा

भारत विभाजन देश कीसबसे त्रासद घटनाओं में गिना जाता है.विभाजन के समय देश में व्यापक स्तर पर साम्प्रदायिक दंगे हुए, लाखों निर्दोष लोगों की जानें गयीं और उस बंटवारे के कारण अपनी ज़मीन, परिवेश और जगह से ही पलायन को मजबूर होना पड़ा, जिसमें वे पैदा हुए थे. स्वाधीनताप्राप्ति के एक लम्बे संघर्ष के पश्चात् देश को गुलामी और साम्राज्यवाद से मुक्ति तो मिली. पर भारतीय जनता को उसके लिए भारी कीमत भी चुकानी पड़ी. भारत की अनेक भाषाओं के रचनाकारों ने इस त्रासदी का विस्तृत वर्णन किया है. साहित्य की लगभग सभी विधाओं में देश के विभाजन और साम्प्रदायिकता का चित्रण मिलता है. यद्यपि हिंदी-भाषी क्षेत्र के लोगों ने विभाजन और विस्थापन की वैसी त्रासदी का सामना नहीं किया जैसा कि पंजाब और बंगाल की जनता को करना पड़ा. परिणामतः पंजाबी और बंगला में हिंदी की अपेक्षा बहुत अधिक साहित्य उपलब्ध है जो देश के विभाजन और साम्प्रदातिकता से सम्बंधित है.हिंदीमें भी अनेक उपन्यास लिखे गए हैं,जिनमें रचनाकारों ने विभाजन की पृष्ठभूमि, साम्प्रदायिकता और उसके बाद व्यापक पैमाने पर दोनों ओर से आबादी के पलायन पर विस्तार से लिखा है. उन स्थितियों, व्यक्तियों और संगठनों पर भी टिप्पणियाँ की गयी हैं. भारत-विभाजन से सम्बद्ध विभिन्न समस्याओं में प्रमुख रूप से साम्प्रदायिकता, विस्थापन, हत्या और बलात्कार, लूट और आगजनी, संवेदनहीनता और मानवीय मूल्यों का विघटन तथा एक दूसरे के प्रति अविश्वास और घृणा आदि का हिंदी साहित्य में पर्याप्त चित्राण मिलता है. इस दृष्टि से यशपाल का 'झूठा सच', राही मासूम रज़ा का 'आधा गाँव', शानी का 'काला जल', भीष्म साहनी का 'तमस', भैरवप्रसाद गुप्त का 'सती मैया का चौरा', भगवतीचरण वर्मा का 'वह फिर नहीं आए', कमलेश्वर का 'लौटे हुए मुसाफिर' और 'कितने पाकिस्तान', बदीउज्ज़मां का 'वापसी', रामानंद सागर का 'और इंसान मर गया', बलवंतसिंह का 'काले कोस' औरमंज़ूर एहतेशाम का 'सूखाबरगद' आदिऐसी ही अनेक कृतियाँ हैं, जिनमें साम्प्रदायिकता की समस्या को उसके मूल कारणों के साथ सामने लाने का प्रयास रचनाकारों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से किया है. भारत की आज़ादी, साम्प्रदायिकता और देश के विभाजन से सम्बद्ध स्थितियों पर केन्द्रित इन उपन्यासों की श्रंखला में भीष्म साहनी का 'तमस' एक महत्वपूर्ण रचना है. हिन्दी कथाकारों में भीष्म साहनी का महत्वपूर्ण स्थान है. उन्होंने साहित्य की अनेक विधाओं में लिखा है. बहुत अच्छे अनुवाद भी किये हैं, लेकिन 'तमस' उनकी ऐसी रचना है जिसके कारण उन्हें सबसे अधिक प्रसिद्धि मिली है. रचनाकार युगदृष्टा होता है. हरयुग का रचनाकार अपने जीवनानुभवों को अपनी लेखनी का विषय बनाता है. लेकिन

भारत की अनेक भाषाओं के रचनाकारों ने इस त्रासदी का विस्तृत वर्णन किया है. साहित्य की लगभग सभी विधाओं में देश के विभाजन और साम्प्रदायिकता का चित्रण मिलता है. यद्यपि हिंदी-भाषी क्षेत्र के लोगों ने विभाजन और विस्थापन की वैसी त्रासदी का सामना नहीं किया जैसा कि पंजाब और बंगाल की जनता को करना पड़ा.

Abhe